हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 14 मई 2024

12 पॉयनियर स्कूल का बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



12 चुनावों को लेकर कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित आयोजन



## खबर संक्षेप

### जिले से एक युवती सहित दो लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले से एक युवती सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 5 भूना निवासी एक महिला राजो देवी ने कहा है कि उसका 20 साल का लड़का बब्बू गत दिवस बिना बताए घर से चला गया है और वापस घर नहीं लौटा है। महिला ने कहा कि उसका लड़का दिमागी तौर पर परेशान है। उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस बारे भूना पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### जागरण में आए युवक का मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना में जागरण में आए एक युवक का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को बरोड चौक, टोहाना के पास खड़ा किया और जागरण में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### छात्रों ने मतदान को लेकर निकाली रैली

**भूना।** न्यू सनराईज स्कूल के विद्यार्थियों ने शहर में जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। रैली में स्कूल के 800 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। डायरेक्टर अजय रेवड़ी ने जागरूकता रैली को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया।

### मकान से लाखों के आभूषण चोरी

**रानियां।** गांव धोत्तड़ में चोर एक मकान से लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक रामप्रताप ने बताया कि रात्रि को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात को चोरों ने मकान में घुसकर अलमारी के लॉकर से एक मंगल सूत्र सोने का, सोने का लॉकेट, नोजपिन, सोने का कोका, सोने की तबीजी, एक जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी कर ली।

### नशा मुक्ति उपचार शिविरों का शैड्यूल जारी

**सिरसा।** नागरिक अस्पताल के उप सिविल सर्जन डा. पंकज ने बताया कि नागरिक अस्पताल सिरसा द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता एवं उपचार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 मई को गांव चोरमार, दड़बी, मोहम्मदपुरिया व नाथूसरी में 15 मई को गांव चौटाला में तथा 16 मई को गांव डिंग व माधोसिंघाना में नशा मुक्ति जागरूकता एवं उपचार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आने वाले रोगियों की सभी आवश्यक जांच की जाएगी और उन्हें दवाइयां भी दी जाएगी।

## क्रेसेंट स्कूल का 12वीं का सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत, दीक्षा रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसेंट स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में 214 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र में बाजी मारी। 82 विद्यार्थियों ने जहां मेरिट हासिल की वहीं 5 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा, 33 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा, 54 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किये। इस शानदार उपलब्धि से स्कूल प्रांगण में आज खुशी का माहौल रहा और प्रधानाचार्या पूनम ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को शानदार परिणाम पर बधाई दी।



**फतेहाबाद।** क्रेसेंट स्कूल में 12वीं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते प्रधानाचार्या पूनम। *फोटो : हरिभूमि*

कॉमर्स संकाय की छात्रा दीक्षा ने उच्चतम 97.4 फीसदी अंक प्राप्त कर बाजी मारी वहीं कला संकाय में छात्रा दिव्या पुत्री विनोद कुमार ने 96.8 फीसदी अंक लेकर एवं विज्ञान संकाय में छात्रा सृष्टि ने 94.4 फीसदी अंक एवं साइंस के पीसीबी में 96 प्रतिशत लेकर उम्दा प्रदर्शन किया। कॉमर्स संकाय की छात्रा दीक्षा ने अकाउंटेंसी में उच्चतम 100 अंक व इकोनॉमिक्स में उच्चतम 98 अंक प्राप्त किए। छात्र आशीष ने पॉलिटिकल साइंस में उच्चतम 100 अंक, ज्योग्राफी में दिव्या व देवकी ने उच्चतम 99 अंक हासिल किये। इसके अलावा सोशियोलॉजी में देवकी ने उच्चतम 99 अंक प्राप्त किए। आर्ट्स संकाय की छात्रा दीक्षा ने पंजाबी विषय में उच्चतम 100 अंक प्राप्त किये। विज्ञान संकाय की छात्रा सृष्टि ने बायोलॉजी में उच्चतम अंक 98, फिजिक्स, केमिस्ट्री में सृष्टि व जश्नदीप में 95 अंक एवं गणित में जश्नदीप में 95 अंक तथा अंग्रेजी विषय में रिया ने उच्चतम 99 अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्या पूनम ने मेधावी व मेहनती विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को इसी तरह आगे उम्दा प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### आदर्श स्कूल दरियापुर का रहा शानदार परिणाम, 488 अंक लेकर रूद्रप्रताप रहा प्रथम

**फतेहाबाद।** हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणाम में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरियापुर के छात्र रूद्र प्रताप ने 488 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अलावा स्कूल के छात्र अमन ने 487 अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान व हरीश कुमार ने 485 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल अंजली मैहता ने बताया कि स्कूल परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 41 बच्चों में से 20 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 17 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि गणित व साइंस विषयों में तीन विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए जोकि सराहनीय है। स्कूल के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम पर ख़ुशी व्यक्त करते हुए स्कूल प्रबंधक दर्शन मैहता ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावक और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में 10वीं में अव्वल रहे विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### किसानों के खाते में डाले 1326 करोड़

# कल से गेहूं की सरकारी खरीद बंद पिछले साल से अधिक रही आवक

### पिछले साल से 73 हजार मीट्रिक टन ज्यादा आया मंडियों में गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश की अनाज मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद बुधवार से बंद हो जाएगी। अब तक फतेहाबाद में विभिन्न एर्जेसियों ने 6 लाख 87 हजार 300 एमटी गेहूं की खरीद की है, जिसकी एवज में एर्जेसियों ने 44181 किसानों के खातों में 1326 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इस बार पिछली बार से करीब 73 हजार एमटी गेहूं की ज्यादा खरीद हुई है। 15 मई को अंतिम दिन गेहूं की खरीद की जाएगी, जिसके बाद वह आंकड़ा ओर भी बढ़ जाएगा।

जिले में अब तक खेतों से कटाई होकर लगभग 'पूरा गेहूं' मंडियों व खरीद केन्द्रों पर पहुंच चुका है। इस बार फरवरी-मार्च में अच्छी ठंड रहने से गेहूं का बम्पर उत्पादन हुआ है, जिसके चलते जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य पिछले साल को पार कर गया है। पिछले साल कुल 6 लाख 14 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी। इस साल अब तक 6 लाख 87 हजार 300 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। अभी जो मंडियों में आढ़तियों के पास गेहूं पड़ी है, वह इसमें शामिल नहीं है।

वर्ष 2023 में कुल 6 लाख 14 हजार 656 एमटी गेहूं की आवक हुई थी, जबकि उसके पिछले साल 2022 में गेहूं की आवक काफी कम थी। इस साल 4 लाख 29 हजार 641 एमटी गेहूं की बाजार में आया था। इस साल जिला में अब तक 44181 किसानों की विभिन्न एर्जेसियों द्वारा 6 लाख 87 हजार 300 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है जोकि पिछले साल 72 हजार 644 एमटी ज्यादा है। जिला में अब 6 लाख 10 हजार 13 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जो कुल खरीद का 88.75 प्रतिशत है। अभी भी 77 हजार 287 एमटी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। खरीद एर्जेसियों की मानें तो अभी जिले में जो आढ़तियों के पास गेहूं पड़ा है, वह 15 हजार एमटी से ज्यादा है। ऐसे में कुछ खरीद पिछले साल से 15 से 20 फीसदी ज्यादा हो सकती है। एक अनुमान के अनुसार गेहूं खरीद का आंकड़ा 7 लाख एमटी को पार कर जाएगा।



**फतेहाबाद।** मंडियों में लगी गेहूं की ढेरियां। *फोटो : हरिभूमि*

#### एजेंसी वाइज खरीद और उठान

जिले में अब तक फूड सप्लाई ने 3648 किसानों की 72 हजार 406 मीट्रिक टन, हैफेड ने 22914 किसानों की 3 लाख 66 हजार 125 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 12738 किसानों की 2 लाख 22 हजार 215 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 4 हजार 881 किसानों की 26 हजार 554 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। अब तक फूड सप्लाई ने 71052 मीट्रिक टन, हैफेड ने 3 लाख 21 हजार 839 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 1 लाख 93 हजार 887 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 23 हजा 234 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है।

#### 1326.14 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान

गेहूं खरीद की एवज में किसानों को फसल का भुगतान भी तेजी से किया जा रहा है। जिला में अब तक 44181 किसानों की गेहूं की फसल खरीदी जा चुकी है जिसकी एवज में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 1326.14 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। फूड सप्लाई ने 160.58 करोड़, हैफेड ने 713.36 करोड़, एचडब्ल्यूसी ने 391.79 करोड़ व एफसीआई ने 60.41 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। करीब 95 प्रतिशत किसानों को उठान के बाद पैमेंट का भुगतान किया जा चुका है।
-विनीत जैन, डीएफएससी, फतेहाबाद।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर पीओ व एपीओ की रिहर्सल में चुनाव संबंधी जानकारी देते मास्टर ट्रेनर। *फोटो : हरिभूमि*

## सिरसा संसदीय सीट पर नोटा सहित कुल 20 प्रत्याशी होंगे

- टोहाना और रतिया तथा डीपीआरसी भवन में फतेहाबाद विधानसभा के चुनाव अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए फतेहाबाद, रतिया और टोहाना विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त किए गए प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स तथा अल्टरनेट प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स व अन्य टीमों को सोमवार को डीपीआरसी भवन और एमएम कॉलेज में आयोजित रिहर्सल में चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं। इस दौरान ईवीएम मास्ट्रर ट्रेनरों ने सभी पीओ व एपीओ को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिहर्सल में पीओ व एपीओ को वीडियो के माध्यम से ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गईं। इस मौके पर टोहाना के एआरओ एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि पीओ व एपीओ की जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझें।

उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए बूथों पर महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाई जाएं और एक पुरुष के बाद दो महिलाओं को वोट डालने के लिए भीतर भेजा जाए। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बताया कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा।

## मतदान में पोलिंग पार्टियों की भूमिका अहम

- दूसरी रिहर्सल में चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए जिला की सभी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त किए गए पोलिंग पार्टियों व अन्य टीमों की स्थानीय चौ. देवीलाल वश्विवद्यािलय के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित दूसरी रिहर्सल में चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं। इस दौरान ईवीएम मास्टर ट्रेनरों ने सभी पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जम्मिेदारियों के बारे में वस्तिार से जानकारी दी। रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गईं। रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जम्मिेदारी की गंभीरता को समझें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए बूथों पर महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाई जाएं और एक पुरुष के बाद दो महिलाओं को वोट डालने के लिए भीतर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि नष्पिक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने में उनकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी।



**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह पोलिंग पार्टियों को हिदायत देते हुए।

## समाज की तरक्की के लिए संगठित होकर करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री ब्राह्मण सभा सिरसा द्वारा बेगू रोड स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डायरेक्टर गृह मंत्रालय भारत सरकार चत्रिलेखा शर्मा थी जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा ने की। वहीं विशष्टि अतिथियों में जयहिंद मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा, एसीपी दल्लिी दिनेश शर्मा, सीनियर पायलट भारत सरकार अनिल शर्मा, राष्ट्रपति अवार्डी डॉ. धर्मपाल भारद्वाज, राजकुमार शर्मा व संस्कृत वद्विान दल्लिी ओमप्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ विशेष उद्बोधन में भारतीय जाट विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, साहित्यकार डॉ. राजकुमार निजात व एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और समाज के उत्थान पर अपने विचार रखे। सर्वप्रथम ब्राह्मण सभा सिरसा के प्रधान दयानंद शर्मा ने अपनी टीम के साथ सभी अतिथियों का सम्मानसूचक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। मुख्यातिथि चत्रिलेखा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सर्वसमाज को एक मंच पर लाने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा समाज संगठित नहीं होगा, तब तक न तो हम और न हमारा समाज तरक्की कर सकता है। समाज को तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए हम सभी को संगठित होकर प्रयास करने होंगे।



**सिरसा।** डायरेक्टर गृह मंत्रालय भारत सरकार चत्रिलेखा शर्मा को सम्मानित करते हुए श्री ब्राह्मण सभा। *फोटो : हरिभूमि*

#### भगवान के नाम पर न करें राजनीति

अशोक शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के नाम पर पर राजनीति न करें, वो सर्वसमाज के भगवान हैं। हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज 36 बिरादरी के लोगों का प्रतिनिधत्वि करता है। उन्होंने कहा कि समाज में वश्वि कल्याण की बात करने वाला सर्फि और सर्फि ब्राह्मण समाज ही है।

### पब्लिक हैल्थ नकली फिनोलेक्स केबल मामला

## स्टेट पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी ने जांच टीम को किया चंडीगढ़ तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पब्लिक हेल्थ नकली फिनोलेक्स केबल मामले में पुलिस जांच टीम को स्टेट पुलिस कंप्लेंट अथोरिटी ने चंडीगढ़ तलब किया है। शिकायतकर्ता जितिन गोयल एवं नीटू कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा दर्ज की गई पुलिस एफआईआर में कार्यवाई करते हुए सर्फि 4 अधिकारियों को ही गिर तार किया गया था और उनका चालान कोर्ट में एएसआई हनुमान द्वारा पेश कर दिया गया, जबकि बाकी आरोपी अधिकारियों एवं ठेकेदारों की गिर तारी आज तक लंबित है। पुलिस द्वारा मोटा पैसा बतौर रश्वित लेकर बाकी आरोपियों को छोड़ दिया गया, जबकि ठेकेदार रणधीर सिंह की अंतिरम जमानत याचिका उच्च न्यायालय चंडीगढ़ द्वारा ाारिज की जा चुकी है। फिर भी पुलिस द्वारा आज तक किसी भी ठेकेदार को गिर तार नहीं किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने ये भी बताया कि पुलिस द्वारा आज तक नकली केबल की भी बरामदगी नहीं की गयी एवं पब्लिक हैल्थ द्वारा नकली केबल को पुलिस की आंखों के सामने खुर्द-बुर्द कर दिया गया।

### बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वीं जन्म शताब्दी पर समागम आयोजित

## सिख कौम अपने महान जरनैलों के जीवन से प्रेरणा ले: रघबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिख कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढिय़ा की 300वीं जन्म शताब्दी के समापन पर सिरसा में महान शताब्दी गुरमत समागम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहेब ज्ञानी रघुबीर सिंह व शिरोमणि पंथ अकाली बुढा दल के मुखी सिंह साहेब बाबा बलबीर सिंह 96 करोड़ी ने विशेष रूप से शामिल होकर कौम के नाम अपना संदेश दिया। जत्थेदार रघबीर सिंह ने कहा कि सिख कौम को अपने महान जरनैलों के जीवन से प्रेरणा लेकर अमृत छक कर गुरु वाले बनना चाहिए। बाबा बलबीर सिंह ने जहां बाबा जस्सा सिंह रामगढिय़ा का शिरोमणि पंथ अकाली बुड्ढा दल के साथ संबंधों के बारे में अनेक ऐतिहासिक तथ्य बताए। वहीं उन्होंने इस मौके पर गुरु गोबिंद सिंह, साहिबजादा बाबा फतह सिंह, जस्सा सिंह रामगढिय़ा व अन्य सिख जरनैलों के प्राचीन शस्त्रों के दर्शन भी करवाए। इन समागमों के लिए विशेष रूप से गठित बाबा जस्सा सिंह रामगढिय़ा जन्म शताब्दी कमेटी, इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मुख्य भूमिका निभाते हुए विगत वर्ष दल्लिी व करनाल में बड़े गुरमत शताब्दी समागमों के साथ शताब्दी को शुरुआत की थी, जिसका समापन सिरसा में बाबा जगतार सिंह कार सेवा गुरुद्वारा चल्लिा साहेब के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित किया गया। वैश्विक स्तर पर मनाए जा रहे शताब्दी समापन समारोह में विगत दिवस श्री गुरु ग्रंथ साहेब की छत्र छाया व पंज प्यारों की अगुवाई में निकाले गए खालसा फतेह मार्च में घोड़ों व हाथियों पर सवार होकर शिरोमणि पंथ अकाली बुढा दल व गुरु नानक दल मढियां के निहंग सिंहों ने पुरातन समय की परंपराओं के अनुसार मोहल्ला निकाला व देर रात को 18वीं सदी के सिख इतिहास पर लाइट एंड साउंड ड्रामा कौम दा योद्धा का मंचन भी किया गया।

वहीं गुरुद्वारा चल्लिा साहिब में आयोजित शताब्दी गुरमत समारोह में श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई गुरप्रीत सिंह, पटियाला से पंथ प्रसद्धि रागी भाई जसकरण सिंह, वश्वि स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले इतिहासकार व वक्ता भाई सुखप्रीत सिंह उधोके ने संगत को गुरुबानी कीर्तन व इतिहास से जोड़ा।



**सिरसा।** गुरमत समागम के दौरान जस्सा सिंह रामगढिय़ा व अन्य सिख जरनैलों के प्राचीन शस्त्रों के दर्शन करवाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

घर वह जगह है, जहां परिवार बसता ही नहीं, हमें रचता भी है। परिवार में ही हमारी परवरिश होती है, हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। यह परिवार ही होता है, जो जीवन की तपिश में शीतल छाया बनता है। हमारी खुशियां हमारे परिवार में ही हैं। परिवार जीवन का वो आधार है, जिसके बिना हम अस्तित्वविहीन हैं।

# हमारे अस्तित्व की धुरी है परिवार





आवरण कथा / सरस्वती रमेश

परिवार क्या है? क्या इसे पति-पत्नी और बच्चों के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए या परिवार की अवधारणा इससे कहीं विस्तृत है? सही मायने में देखा जाए तो परिवार वह जगह है, जहां हमें भावनात्मक संबल, आर्थिक सुरक्षा और मानसिक परिपक्वता प्राप्त करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। जहां प्रत्येक सदस्य रक्त संबंधों से अधिक प्रेम, विश्वास, भरोसे, जिम्मेदारी, अपनत्व के डोर से बंधा हुआ होता है। जहां अपनी खुशी से बढ़कर परिवार की खुशी होती है। जहां अपने दुख से बढ़कर परिवार का दुख होता है। परिवार के इसी महत्व और उसकी अहमियत को बताने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 मई को पूरी दुनिया में 'अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस' मनाया जाता है।

### व्यक्तित्व निर्माण में परिवार का अमूल्य योगदान

बच्चे को जन्म लेते ही परिवार का साथ मिलता है, जिसकी छत्रछाया में पलकर वह बड़ा होता है। एक बच्चे का समाज उसके परिवार से ही शुरू होता है। परिवार उसे जीवन के तमाम मूल्यों की शिक्षा देता है या देने में सहयोग करता है। संस्कारों, आदर्शों, नैतिकता, मानवीयता जैसे गुणों की सीख दे,उसे समाज में रहने के योग्य बनाता है। असल में एक व्यक्ति को बनाने में परिवार का योगदान अमूल्य है। परिवार ही उसके अस्तित्व की धुरी होता है, जिस पर उसके व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

### परिवार से होती है हमारी पहचान

हमारी पहली पहचान हमारे परिवार से ही होती है। हम जन्म लेते ही किसी के बेटे, पौत्र, भाई, बहन, बेटी आदि विशेषणों से जाने जाते हैं। परिवार हमारी दुनिया होता है और हम इस दुनिया के सबसे प्यारे-दुलारे सदस्य। बड़े होने पर इनसे परे भी हमारी एक पहचान बनती है। यह पहचान उन मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों से बनती है, जिन्हें बड़े-बुजुर्ग हमें सौंपते हैं। हमारे व्यक्तित्व के पीछे परिवार की छाप सदैव रहती है।

### दर्द में मरहम बन जाता है परिवार

जब हम बहुत खुश होते हैं या बड़ी कामयाबी पाते हैं, तो हमें अपने घर-परिवार की याद आती है। जब हम बहुत दुखी-उदास होते हैं तब भी हमें परिवार की याद आती है। हम अपने परिवार से अपनी खुशी या दुख शेयर करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हमारी खुशी से सबसे ज्यादा हर्षित और हमारे दुख से दुखी हमारा परिवार ही होता है। परिवार ही हमें हमारी कमियों और खूबियों के साथ स्वीकार कर हम पर भरोसा जताता है। गलती सुधारने के लिए हमें एक नहीं कई मौके देता है। हमारे अकेलेपन, निराशा, नाउम्मीदी के पलों में परिवार एक आशा बनकर हमारे साथ खड़ा रहता है। दुख के क्षणों में हमें टूटकर बिखरने नहीं देता। हमारा संबल बनता है। इसलिए परिवार के साथ के बिना हमारी सारी उपलब्धि और खुशियां अधूरी जान पड़ती हैं।

### परिवार है खुशियों की चाबी

परिवार में आपसी सहयोग और समर्थन की जैसी निःस्वार्थ भावना होती है, वह कहीं और नहीं मिलती। इसलिए परिवार के साथ खुश रहने के सौ बहाने मिल जाते हैं। परिवार हमारी चिंताओं को पल भर में हवा में उड़ा देता है। अमेरिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक जिन बच्चों को बचपन में परिवार का भरपूर साथ और प्यार-स्नेह मिलता है, वयस्क होने पर उनमें अवसाद के लक्षण मिलने की संभावना बहुत कम होती है। दरअसल, परिवार के साथ हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। अपनी पसंद-नापसंद बता सकते हैं। अपने मन की उथल-पुथल शेयर कर हल्का महसूस कर सकते हैं। यही वजह है कि जब तक हमारे देश में संयुक्त परिवार की रीति मजबूत रही, अवसाद, तनाव जैसी बीमारियों से हम दूर रहे। लेकिन आज डिप्रेशन की समस्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि लोग परिवार के बड़ों के प्यार और पग-पग पर मिलने वाले मार्गदर्शन से दूर होकर अकेले होते जा रहे हैं।

### अब दुनिया समझ रही परिवार का महत्व

एक व्यक्ति के जीवन में परिवार की अहमियत से हम सब वाकिफ हो चुके हैं। यही कारण है कि अब पूरी दुनिया में परिवार नाम की संस्था को मजबूत बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। पश्चिमी देशों ने परिवार की संवेदनशीलता और देख-रेख की भावना के मूल्यांकन के लिए इसे 'केयर इकोनॉमी' का नाम दिया है। हालांकि मां की ममता, पिता के संरक्षण और परिवार के साथ का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। फिर भी परिवार संस्था को बचाने के लिए जो भी प्रयास हों, उसकी सराहना की जानी चाहिए।



अगर आप अपने परिवार में खुशहाली चाहती हैं तो परिवार में साथ रहने वाली सास-बहू, जेठानी-देवरानी और ननद-भाभी एक-दूसरे के प्रति सखी जैसा भाव रखें। इससे आपकी जिंदगी भी आसान हो जाएगी।



# परिवार की महिलाएं आपस में बनें सहेलियां

नया नजरिया / यासमीन सिद्दीकी

कभी-कभी फिल्मों के कुछ संवाद जेहन में कौंध जाते हैं। कुछ सोचने को बाध्य करते हैं। हम बात कर रहे हैं, किरन राव की फिल्म 'लापता लेडीज' की। यह फिल्म समाज के लिए एक जरूरी सवाल छोड़ती है। फिल्म में एक संवाद है 'हम महिलाएं जीवन भर अपनी सहेलियों को तलाशती हैं, लेकिन आपस में कभी सहेली नहीं बन पातीं।' यह सवाल ससुराल आकर अपने परिवार में रह रही महिलाओं के आपसी रिश्तों को विशेष रूप से उजागर करता है।

**बनें आपस में दोस्त:** एक नवविवाहिता जब शादी करके अपने ससुराल में आती है तो अपने प्रेम से रिश्तों को सींचकर नए जीवन को शुरू करती है। इस समय उसके मन के कोने में कहीं वो सखियां होती हैं, जिनके साथ वह अपनी हर परेशानी, बेचैनी को साझा करती थी, तनावों से मुक्त होती थी। लेकिन शादी के बाद अपनी तकलीफें साझा करने वाली सखियां छूट जाती हैं। ससुराल में कोई ऐसा नहीं दिखता, जिससे वे मन की बातें कहें, अपनी तकलीफें बांटें। फिल्म 'लापता लेडीज' के डायलॉग को देखें तो इसका सवाल बहुत मायने रखता है कि ससुराल जो एक बहू का अपना परिवार होता है, वहां परिवार में रहने वाली सासू मां, जेठानी-देवरानी, ननद-भाभी आपस में सहेलियां क्यों नहीं बन पातीं? प्रायः देखा जाता है, परिवार की महिलाओं में कहीं न कहीं एक-दूसरे पर हावी होने की प्रवृत्ति होती है। लेकिन जरा सोचें, पारस्परिक प्रतिस्पर्धा को छोड़कर अगर परिवार की महिलाएं एक-दूसरे के साथ दोस्ती का रिश्ता निभाएं तो जीवन कितना आसान हो जाएगा। तो चलिए, फिल्म 'लापता लेडीज' की फूल जिस तरह अपनी सास से फ्रेंड बनने को कहती है, हम भी एक साथ रहकर फ्रेंड बनने की कोशिश करें। सबसे बड़ी बात है, जब परिवार में सास, बहू, देवरानी, जेठानी, ननद, भाभी सहेलियों के तौर पर रहेंगी तो परिवार सही मायने में खिलखिला उठेगा।

**किसी को बदलने की कोशिश ना करें:** हम अगर अपनी कुछ सहेलियों पर नजर डालें तो बहुत-सी हमसे अलग मिजाज की होती हैं, फिर भी हमारी उनके साथ बहुत गाढ़ी छनती है। कुछ ऐसा ही अंदाज परिवार में रहने वाली महिलाएं भी आपस में एक-दूसरे के साथ रख सकती हैं। कोई भी किसी को अपने जैसा बनाने की कोशिश ना करे।

**ना दोहराएं पुरानी बातें :** अकसर सास और जेठानी अपने समय की बातें लेकर बैठ जाती हैं। उनके समय में अगर कुछ गलत हुआ होता है तो वे कहीं ना कहीं उसे घर के रिवाज के साथ जोड़ लेती हैं। इतना ही नहीं, अगर बदले वक्त के अनुसार नई बहू को कुछ सुविधाएं मिलती हैं तो इस बदलाव का विरोध करने से वे चूकती नहीं। जैसे कि अगर उनके समय में मायके कम जाने दिया जाता था तो वे इसे परंपरा मान लेती हैं कि मायके तो कम ही जाना चाहिए। अगर उन्हें पति के साथ बाहर घूमने-फिरने का मौका नहीं मिला था तो वे चाहती हैं कि घर में आने वाली दूसरी बहुएं भी कुछ ऐसा करें। अगर आपकी यह सोच है तो इस सोच को बदलें।

**थोड़ा समय दें :** कहते हैं, वक्त बहुत बड़ा इलाज है। अगर आपको लग रहा है कि बहुत कुछ आपके अनुकूल नहीं है तो घबराएं नहीं। नए रिश्ते बनते हैं तो कुछ नई चुनौतियां भी लेकर आते हैं। ऐसे में खुद और परिवार को एक नए रिश्ते को समझने का समय दें। आप देखेंगी, बहुत से सवालों के जवाब आपको समय के साथ खुद ही मिल जाएंगे। बहुत-सी चीजों को इग्नोर करना सीखेंगी और धीरे ही सही लेकिन ना जाने कब घर की महिलाएं एक-दूसरे की सहेली बन गई हैं, पता ही नहीं चलेगा।



### मां ना सही, मां जैसी

यह सच है कि हमारे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले सकता, लेकिन घर में आने वाली नई बहू को भी समझना होगा कि जिस तरह से मां ने हमें बहुत कुछ सिखाया है, वैसे ही हमारी यह नई मां भी हमें सिखाने की कोशिश कर रही हैं। हां, उनका अंदाज हमारी मां से कुछ अलग हो सकता है। आप उनके साथ अपने संबंधों को खुला और सहज रखने की कोशिश करें।

# परिवार का असली रूप संयुक्त परिवार

अवधारणा / सोनम लववंशी

जब हम परिवार नाम की संस्था की बात करते हैं तो सर्वप्रथम जो स्वरूप उभरता है, उसमें माता-पिता, बच्चे और दादा-दादी के साथ चाचा-चाची भी आते हैं। परिवार का यही वृहत स्वरूप संयुक्त परिवार है। लेकिन समाज में बदलाव के साथ संयुक्त परिवार का ताना-बाना बिखर गया है। आज की युवा पीढ़ी को एकल परिवार ही रास आता है। लेकिन कोरोना जैसी महामारी के दौर से संयुक्त परिवार की अवधारणा को फिर बल मिला है।

**जड़ों से जुड़ाव :** गहराई से विचार करें तो बिखरे परिवारों का ना तो कोई अस्तित्व होता है और ना वे जड़ों से जुड़े होते हैं। सामाजिक सद्भाव, सामंजस्य और देखभाल करने के लिए एकल परिवारों से ज्यादा संयुक्त परिवार जरूरी हैं। जहां बच्चों को दादा-दादी का दुलार मिलता है, तो बहुओं को सास का प्यार-स्नेह। अकसर देखा गया है कि परिवारों की एकजुटता ही संकट में मनोबल बढ़ाती है। दरअसल, संयुक्त परिवार एक ऐसा वट वृक्ष है, जो विपत्ति में एक छाया बन कभी किसी सदस्य का मनोबल टूटने नहीं देता।



**खुशियों की कुंजी :** परिवार के सभी सदस्य आपस में भावनाओं की डोर से बंधे होते हैं। हर छोटी से छोटी खुशी सब परिवार के साथ साझा करते हैं। कहा भी जाता है कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह हंसी-खुशी का माहौल परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। हमारे तीज-त्योहारों की रौनक भी हमारे अपनों के साथ से ही है। यही वजह है कि परिवार इन रिश्तों के जरिए संस्कृति और संबंध दोनों को सहेजने का काम करता है। दिलों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक पर्व अपनों से भी जुड़ाव बनाए रखते हैं। तभी तो मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां अपनों के बिना अधूरी-सी लगती हैं।



डाइट सजेशन/डॉ. चेतना बंसल, न्यूट्रिशनिस्ट, दिल्ली

हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहने के लिए न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट की जरूरत परिवार के हर सदस्य को होती है। लेकिन एज के अनुसार सभी को अलग तरह के डाइट की जरूरत होती है। इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# फैमिली के सभी मेंबर्स रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक

बचपन से लेकर बड़ी उम्र और ओल्ड एज तक में एज, जेंडर और एक्टिविटी के हिसाब से सभी को न्यूट्रिशस डाइट की जरूरत होती है। ऐसा ना होने पर फैमिली मेंबर्स बीमार हो सकते हैं। इससे बचने के लिए डाइट पर ध्यान देना जरूरी है।

**चिल्ड्रेन-टीनएज मेंबर्स:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन से ही हमारे कई जेनेटिक पैटर्न, शरीर और दिमाग विकसित हो पाता है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को हाई-प्रोटीन डाइट के साथ कैल्शियम और आयरन रिच फूड्स देने चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के विटामिन वाले फूड्स भी बहुत जरूरी होते हैं। विभिन्न विटामिंस की कमी से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। जबकि कार्बोहाइड्रेट और फैट रिच डाइट ज्यादा लेने से आगे चलकर ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, पीसीओडी, कार्डियोवैस्कुलर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। टीनएज के दौरान शरीर का विकास तेजी से होता है, इसके लिए प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम रिच डाइट लेनी जरूरी है। इस एज में मेटाबॉलिक रेट सबसे हाई होता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जो शरीर को एनर्जी प्रदान करता है। इस स्टेज में हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियमरिच डाइट जैसे- दूध, मिल्क प्रोडक्ट्स, सोया, हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा लेनी चाहिए। चाय, कॉफी जैसे कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन अवॉयड करना चाहिए। टीनएजर्स की डाइट में विटामिनयुक्त खाद्य पदार्थों को अधिक शामिल करना चाहिए।



**यंग-मिड एज मेंबर्स:** यंग और मिड एज के फैमिली मेंबर्स को न्यूट्रिएंट्स से भरपूर संतुलित आहार लेना जरूरी है। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स युक्त खाद्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। इस एज की महिलाओं को भरपूर मात्रा में हरी सब्जियों और साग का सेवन करना चाहिए ताकि डिलीवरी के समय दिक्कत ना हो। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाव के लिए इस एज ग्रुप के मेंबर्स को नमक और चीनी का सेवन सीमित मात्रा में करना बेहतर है। इस उम्र के लोगों पर वर्क प्रेशर बहुत होता है, दिनचर्या अस्त-व्यस्त होने की वजह से डाइट का ध्यान रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन लापरवाही करना सही नहीं है। इस एज के लोगों को एनर्जी प्राप्त करने के लिए फाइबर और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों समेत केला, आलू, मशरूम जैसी पोटेशियम रिच डाइट लेना फायदेमंद है। तनाव को दूर करने और आयरन के अवशोषण में मददगार विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ जरूर लेने चाहिए। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के बजाय होममेड फूड खाना चाहिए। बेकरी आइटम, पैक्ड फूड, प्रिजर्वेटिव फूड, चॉकलेट, कैंडी जैसी शुगर रिच डाइट को अवॉयड करना चाहिए। इसके अलावा सलाद और सब्जियों में हेल्दी ऑलिव ऑयल ले सकते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। बोन डेंसिटी बढ़ाने के लिए कैल्शियम, विटामिन बी, डी और विटामिन के रिच डाइट लेना चाहिए।



**50 प्लस मेंबर्स :** इस एज ग्रुप के लोगों में मेटाबॉलिज्म रेट बहुत धीमा होने लगता है, जिससे बॉडी में रिलीज होने वाले एंजाइम्स और हार्मोंस कम होने लगते हैं। अल्जाइमर का रिस्क बढ़ जाता है। इस एज के फैमिली मेंबर्स की डाइट में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल से भरपूर फल-सब्जियां और अनाज जरूर होने चाहिए। महिलाओं में मेनोपॉज के बाद मांसपेशियों में सालाना आधे से एक फीसदी की दर से गिरावट को देखते हुए हाई प्रोटीन और हाई फाइबर वाली डाइट का सेवन जरूरी है। इस एज में पाचन तंत्र और रोग प्रतिरोधक क्षमता वीक हाने लगती है। इसलिए तला, भुना, मिर्च, मसालों वाला हैवी फूड खाने से परहेज करना चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन करना चाहिए। इसके नियमित सेवन से ब्लड में फैट लेवल नियंत्रित होता है, जिससे हृदय रोगों का रिस्क 50 प्रतिशत कम रहता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

जुड़ाव / अशोक जोशी

आमतौर पर रक्त संबंध वाले परिजनों को ही परिवार माना जाता है। लेकिन इस परिवार से परे भी एक परिवार होता है, जिसे हम अपने आस-पड़ोस में और अपने कार्यस्थल पर बनाते हैं। इस परिवार के सदस्यों से भी हमें वास्तविक परिजन वाला जुड़ाव और अपनापन होता है।

# यह भी है हमारा प्यारा परिवार

हमारे देश-समाज में परिवार की परिभाषा बहुत व्यापक रही है। इसमें परिजन के अलावा वे लोग भी शामिल होते हैं, जिनका हमारे साथ दूर-दूर तक का रक्त संबंध नहीं होता है, लेकिन ये हमारे जीवन में बहुत मायने रखते हैं।

**समाज का एक अंग है परिवार :** परिवार केवल वह नहीं, जिसे हम माता-पिता, भाई, बहन, पति, पत्नी, मामा, चाचा या मौसी-बुआ जैसे नामों से संबोधित करते हैं। जब पति और पत्नी को छोड़कर यही संबोधन परिवार से जुदा लोगों के लिए किया जाता है तो वह जाने-अनजाने लोग भी हमारे परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। परिजनों से परिवार बनता है और परिवार से बनता है समाज। यही समाज जब परिवार बन जाता है तो इसका महत्व और उपयोगिता परिवार से भी ज्यादा बढ़ जाती है।

**परिजन से कम नहीं पड़ोसी :** एक दौर था, जब सारा मोहल्ला हमारा परिवार हुआ करता था, सारे अड़ोसी-पड़ोसी हमारे परिजन जैसे थे। ऐसा कहा जाता है कि जरूरत के समय परिजन तो बाद में आते हैं, पहला हाथ पड़ोसी ही बढ़ाता है। समय के साथ-साथ इस व्यवस्था मे बदलाव आया है, लेकिन यह परंपरा अभी भी जिंदा है।

**सहकर्मियों से भी बनता है परिवार :** परिवार से परे परिवार का दायरा काफी बड़ा होता है। इसमें एक परिवार मोहल्ले या पड़ोसियों का होता है तो दूसरा परिवार हमारे ऑफिस या दफ्तर का भी होता है। वहां पर भी हम रोजाना सात-आठ घंटे जिनके संग गुजारते हैं, उनके साथ पारिवारिक आत्मीयता पनपना स्वाभाविक ही है।



**होते हैं सुख-दुख के साथी :** एक जमाना था, जब मोहल्ले या कार्यस्थल के किसी व्यक्ति के परिवार में शादी-ब्याह होता था तो पूरा मोहल्ला या दफ्तर वाले एक साथ मिलकर सारे कार्यक्रम में हाथ बंटाते थे और बड़े से बड़ा कार्यक्रम आराम से संपन्न हो जाता था। आज ऐसे कार्यक्रमों का स्वरूप बदल गया है, फिर भी आज जब किसी के यहां मुसीबत आती है तो परिवार से परे वाले परिवार के लोग आगे आकर अपना सहयोग प्रदान करने से पीछे नहीं रहते हैं। परिवार से अलग किसी का ऐसा करना निश्चय ही बहुत संबल देता है।

**नए स्वरूप में प्यारी भावनाएं :** समय के साथ-साथ परिवार से परे परिवार का स्वरूप बदल रहा है। यह अच्छी बात है कि यह परिवार अब पहले से ज्यादा परिपक्व होने लगा है। इस नए परिवार में फ्लैट और अपार्टमेंट की सोसायटी के सदस्य जॉगिंग क्लब, लाफ्टर क्लब, किटी क्लब के सदस्य परिवार की तरह एक-दूसरे से जुड़ने लगे हैं। ये सदस्य नववर्ष से लेकर तीज-त्योहारो पर पारिवारिक आयोजन कर परिवार की तरह ही एक-दूसरे का हाथ थाम कर पारिवारिक दायित्व निभाते हैं। इसका अलग ही आनंद होता है।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### कार सवार 10 किलो डोडा चूरापोस्त सहित काबू

**कालांवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गांव खोखर से एक युवक को कार में 10 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है।सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान अमरीक सिंह निवासी खतरावां के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी अमरीक सिंह को अब अदालत में पेश कर उसे रिमांड पर लिया जाएगा व इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हेरोइन सहित बाइक सवार गिरफ्तार

**हिसार।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक पुलिस ने विवेक नगर से बाइक सवार युवक को काबू करके 9.30 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके शांति नगर की तरफ से आ रहे शांति नगर निवासी अरमान को गिरफ्तार किया।

### चेक बाउंस मामले उद्घोषित गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस द्वारा जिलेभर में उद्घोषित आरोपी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान खरकड़ा निवासी संदीप उर्फ सोनू के रुप मे हुई।

### घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपी पकड़े

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने घर में घुसकर मोबाइल फोन व रुपये चोरी करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान गांव सैनीपुरा निवासी पवन व नसीब के रूप मे हुई है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही राजकुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने कुछ दिन पहले सैनीपुरा निवासी ईश्वर के घर में घुसकर मोबाइल व रुपए चोरी कर लिए थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से चुराया गया एक मोबाइल फोन बरामद कर कोर्ट में पेश जहां न्यायालय के आदेशानुसार दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

---

मामूपुर और कड़ेल गांव के बीच खेतों में लगाई आग से उठे धुएं से दो बाइकों की हुई टक्कर,

# खेतों में फसल के फाने जलाने से पर्यावरण हो रहा प्रदूषित

### सड़क हादसों का सबब भी बन रही आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

प्रशासन की सख्ती के बावजूद कुछ किसान गेहूं की फसल काटने के बाद इन दिनों खेतों में बचे फानों में आग लगा रहे हैं। इस आग से निकले धुएं के कारण सड़कों से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों की ये लापरवाही वाहन चालकों के लिए हादसे का सबब तक बन रहीं है। सोमवार को गांव मामूपुर व कड़ेल चौक पर सड़क किनारे खेतों में लगी आग से छाए धुएं के कारण दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हालांकि इससे किसी बड़े जानी नुकसान से गनीमत रही है, जबकि इस टक्कर से बाइक चालक गांव शकरपुरा निवासी रमेश कुमार के घुटनों में चोट आई है। कृषि एवं कल्याण विभाग के संज्ञान में भी आग लगने के मामले आ रहे हैं, इसके बावजूद खेतों में आग लगाने के मामलों पर पूर्णता रोक नही लग पा रही है। टोहाना कृषि विभाग के एसडीओ मुकेश महला का कहना है कि खेतों में फसल अवशेष जलाने पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। फसल अवशेष जलाने से भूमि व पर्यावरण को काफी क्षति होती है, उन्होंने कहा कि जो किसान फाने जला रहे हैं उनकी पहचान कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। दरअसल इस बार गेहूं बिजाई के बाद से मौसम खराब रहा, जिससे बारिश व ओलावृष्टि भी हुई। खराब मौसम के चलते नुकसान न हो, इसलिए किसानों ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को कंबाइन मशीन से कटवाया हैं। इससे होता यूं हैं कंबाइन मशीन गेहूं की फसल को ऊपर से तो काट देती है, मगर फाने बच जाते हैं। इससे कुछ किसान तो खेतों में खड़े फानों से स्ट्रा रीपर की मदद से पशुओं के लिए भूसा निकाल लेते हैं, वहीं कई किसान खेतों में बचे फानों को आग लगा देते हैं। इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति तो नष्ट होती ही है, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा फानों में आग लगाने से होने वाले धुएं से सड़क पर हादसा होने का खतरा रहता है।



**जाखल।** सड़क किनारे खेतों में लगी आग।

### वन संपदा को भी हो रहा नुकसान

खेतों में लगाई गई आग धीरे-धीरे फैलते हुए सड़कों के किनारे खड़े पेड़ों व नीचे पड़े पत्तों तक पहुंच जाती है। सड़कों के दोनों किनारे बड़ी संख्या में पेड़ खड़े होते हैं। इन पेड़ों के सूखे पत्ते नीचे झड़ जाते हैं। इनमें आग लगने से सड़क किनारे खड़े पेड़ भी झुलस जाते हैं। बीते दिनों क्षेत्र में आग से पेड़, पौधे जलने का मामला भी सामने आया था। इस वक्त गर्मी का सीजन चल रहा है। कुछ पेड़ तो गर्मी की वजह से झुलस रहे हैं, वहीं बचे पेड़ आग की भेंट चढ़ रहे हैं। इससे वन विभाग को तो नुकसान पहुंच ही रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ रहा है।

---

# विभिन्न विभागों के अधिकारियों एडीसी ने की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** विभिन्न विभागों के अधिकारियों व शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों की बैठक लेते एडीसी।

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत 15 मई को सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों को मतदान करने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई जाएगी। इस विषय पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और इस दिन सभी को शपथ दिलाने का आह्वान किया।

एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 मई को सभी कार्यालयों में कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान करने और दूसरों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष को कहा कि वे इस कार्यक्रम की फोटो भी स्वीप के नोडल कार्यालय में भिजवायें। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने अपील करते हुए कहा कि वे आस-पास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि भारतीय निर्वाचन आयोग के शत प्रतिशत मतदान की मुहिम को उच्च मुकाम तक पहुंचाया जा सके।

---

## शिविर में 256 नेत्र रोगियों की हुई जांच

सिरसा

नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में आंखों की जांच का निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। ख्य परियोजना संयोजक सुमन मत्तिल व संरक्षक एमपी गर्ग ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ पद्मश्री गुरवद्रिं सिंह ने किया। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि फाउंडेशन द्वारा पिछले 26 वर्षों से प्रतिदिन 125 से अधिक जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, हर माह नेत्र जांच शिविर लगाना अत्यंत सराहनीय है। कैंप में डॉ. प्रवीण अरोड़ा तथा डॉ. महीप बंसल ने अपनी टीम के साथ 256 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच की। शिविर के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित 32 जरूरतमंद मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इसके अलावा 67 मरीजों की निःशुल्क मधुमेह जांच के साथ सभी रोगियों को दवाएं दी गई। इस अवसर पर प्रेम सिंगला, सुरेंद्र शर्मा, बाबूराम मत्तिल, सुभाष वर्मा, नरेश धमीजा, बसंत अरोड़ा, भूप सिंह गहलोत, आरके जैन, प्रेम नरुला, डॉ. राजकुमार गुप्ता, एमपी गर्ग, सुमन मत्तिल, सुंदरलाल मेहता, कार्तिक उपस्थित रहे।

## तंवर का हुआ विरोध, किसानों ने दिखाए काले झंडे

**सिरसा।** भाजपा के साथ-साथ सिरसा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। जिला के गांवों में लगातार उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को गांव नागोकी, झिड़ी, अलीकां, झोरडरोही व फग्गू में भाजपा प्रत्याशी के प्रचार अभियान के दौरान सवालों के जवाब न देने पर विरोध स्वरूप काले झंडे दिखाए और गो बैक के नारे लगाए। हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झीड़ी ने कहा कि भाजपा द्वारा ये दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है कि किसान भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं।

---

## स्वर्णकार समाज वेलफेयर सोसायटी की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वर्णकार समाज वेलफेयर सोसायटी के शहरी अध्यक्ष कस्तूर सोनी ने सोसायटी के सदस्यों से राय-मशविरा कर कार्यकारिणी का गठन किया।

एडवोकेट यतद्रिं सिंह को सरंक्षक और सुभाष वर्मा को सोसायटी के सरपरस्त की जम्मिेदारी दी गई है। इसके अलावा सतपाल सूर्या व सज्जन सोनी को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। कपिल सोनी को मीडिया प्रभारी व कानूनी सलाहकार की जम्मिेदारी दी गई।

राहुल सोनी को कोषाध्यक्ष, अमृत भला वरष्ठि उपप्रधान, कपिल जोड़ा को उपप्रधान तथा अंशुमान व वक्रिम सोनी को सदस्य कार्यकारिणी में शामिल किया है। नवगठित कार्यकारिणी को प्रधान कस्तूर सोनी व संस्थापक प्रधान सुखवद्रिं सोनी ने संयुक्त रूप से बधाई देते हुए बताया कि सोसायटी अब पहले की भांति इंसानियत भलाई के कार्यों को बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही सोसायटी की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सोनी समाज के दसवीं-बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले वद्यिार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। शीघ्र ही मेडिकल कैंप, शहर के पार्कों में गर्मी के मौसम के मद्देनजर पक्षियों के लिए सकोरे लगाने का अभियान भी चलाया जाएगा। भीषण गर्मी को देखते हुए शहर में आवश्यकता अनुसार छबील की सेवा भी शुरू की जाएगी।

---

# बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट ने बच्चों को बांटी स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट द्वारा मोहल्ला गौशाला के चार नंबर स्कूल में स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान रवद्रिं सैनी ने की।ट्रस्ट के सचिव डॉ. सुरेंद्र हांडा व कार्यकारी सदस्य डॉ. सुमित सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार को गौशाला मोहल्ला के चार नंबर स्कूल में बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई, जिसमें बतौर मुख्यातिथि ऊषा मलिक थी जबकि विशष्ठि अतिथि सब्जी मंडी पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप श्योराण व चौधरी देवीलाल वश्विवद्यालय के परिवहन अधिकारी इंजीनियर अशोक रोज थे। डॉ. सुरेंद्र हांडा ने बताया कि बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट पिछले काफी समय से समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी है।

ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर, पौधारोपण अभियान, स्टेशनरी वितरण, पक्षियों के लिए सकोरे लगाने सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप श्योराण ने कहा कि बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट की तरह अन्य संस्थाओं को भी समाज भलाई के कार्यों में आगे आना चाहिए।



**सिरसा।** बच्चों को स्टेशनरी वितरित करते हुए।

---

## वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है

उपायुक्त ने कहा कि देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का आगाज चुनाव का शेडयूल जारी होने के साथ ही हो गया है। वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है। मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट वैकल्पिक पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

---

## सलमान खान के घर फायरिंग का मामला मुंबई पुलिस ने फतेहाबाद से युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।**

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के तार फतेहाबाद जिले से जुड़ते नजर आ रहे है। इस मामले में मुम्बई क्राइम ब्रांच की टीम ने जिले के गांव भिरड़ाना से एक युवक हैरी उर्फ हरपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करके 4 दिन के ट्रांजिट रिमांड की मांग की। कोर्ट ने उसे 2 दिन के ट्रांजिट रिमांड पर दिया है। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम अब आरोपी को लेकर मुंबई के लिए रवाना हो गई है। बता दें कि मुम्बई क्राइम ब्रांच की टीम कई दिनों से फतेहाबाद आई हुई थी। पुलिस ने गत दिवस गांव भिरड़ाना में जाकर वहां मोबाइल की दुकानों पर भी जांच की थी और आरोपी हैरी उर्फ हरपाल के बारे में पूछताछ की थी। मुम्बई क्राइम ब्रांच की टीम ने इस बारे कुछ भी बताने से इंकार कर दिया था लेकिन गांववासी शुरू से ही इसे सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग से जोडक़र देख रहे थे वहीं पुलिस इसे किसी सेलिब्रिटीज को अश्लील वीडियो भेजने का मामला बता रही थी। आखिरकार सोमवार को मुम्बई क्राइम ब्रांच ने भिरड़ाना के हरपाल को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में मुम्बई पुलिस ने जिन आरोपियों को पकड़ रखा है, उनसे पूछताछ के दौरान ही हैरी उर्फ हरपाल का नाम सामने आया था। बताया जाता है कि हैरी उर्फ हरपाल पकड़े गए आरोपियों के सम्पर्क में था और मोबाइल पर उनसे बातचीत भी हुई थी। इसी कड़ी को जोड़ते हुए मुम्बई पुलिस फतेहाबाद पहुंची थी। फिलहाल मुम्बई पुलिस द्वारा इस मामले में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## तंवर के चुनाव प्रचार में अवरोध पैदा करने वालों पर मामला दर्ज

**सिरसा।** रविवार को सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के चुनावी प्रचार के दौरान कुछ किसानों द्वारा जताए जा रहे विरोध को लेकर पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह के बयान पर मामला दर्ज किया है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर का रानियां हलका के गांवों में चुनावी प्रचार चल रहा था। इस दौरान किसान मजदूर काले झंडे लेकर विरोध जताने पहुंचे। गांव संत नगर में तंवर के अंगरक्षक के साथ लोगों की नौकझोंक हुई। इस दौरान किसानों से काफी कहासुनी भी हुई जिसे लेकर रनिया पुलिस थाना के सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह की शिकायत पर तीन दर्जन नामजद लोगों के खिलाफ विभन्नि धाराओं के साथ मामला दर्ज किया है।

---

## 19 लाख तीन हजार से अधिक की ठगी में एक और काबू

- टेलीग्राम यूजर से होटल्स रिजर्वेशन कर करवाने के नाम की थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर थाना पुलिस ने टेलीग्राम यूजर से होटल्स रिजर्वेशन कर घर बैठे पैसे कमाने के नाम पर की गई 19 लाख 3 हजार 122 की ठगी मामले में तीसरे आरोपी जयपुर के सेक्टर 113 निवासी रौनक कुमार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि टेलीग्राम यूजर से ठगी गई धनराशि में से 90 हजार रुपए उक्त आरोपी रौनक के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए थे। इसके बारे में आगामी जांच जारी है।

हिसार साइबर थाना में 14 दिसंबर को एक टेलीग्राम यूजर युवती से होटल्स रिजर्वेशन कर, घर बैठे पैसे कमाने के नाम पर 19 लाख 3 हजार 122 की ठगी के बारे में केस दर्ज किया गया था।



इसमे पहले दो आरोपियों प्रभात नगर, लुधियाना निवासी रवि कुमार और प्रीतम सिंह बग्गा को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी रौनक को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

---

# स्कूल से घर लौट रहे छात्र पर चार युवकों ने किया हमला

- गंभीर रूप से घायल छात्र नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज :हांसी



स्कूल से अपने दोस्त के साथ घर लौट रहे एक छात्र पर 4 युवकों ने लोहे की रॉड व लकड़ी के बिंडे से हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल छात्र को उसके दोस्त ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायल छात्र चार कुतुब गेट निवासी आयुष के ब्यान दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन आयुष ने बताया कि वह सीनियर एक्टिवीटी स्कूल में पढ़ता है और स्कूल की छुट्टी होने के बाद अपने दोस्त शुभम के साथ घर जा रहा था और जैसे ही वह अपने स्कूल से थोड़ी दूर पहुंचा तो चार कुतुब गेट से आगे रहने वाले सुजल, ऋषि, आर्यन व साहिल अपने हाथों में लोहे की रॉड व लकड़ी के बिंडे तथा अवैध पिस्तौल लिए हुए आए और आते ही उन्होंने मुझे घेर लिया और लोहे की रॉड व लकड़ी के बिंडे से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आयुष ने बताया कि उसके द्वारा शोर मचाए जाने तथा आसपास के लोगों को आता देख चारों आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आयुष ने बताया कि उसके दोस्त शुभम ने राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। आयुष ने हमलावर युवकों से किसी भी प्रकार की पुरानी रंजिश या कहा सुनी से इंकार किया है।

---

खुशी के मौके पर गौशालाओं में जाकर करें सेवा

# गोसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं: अनिल ज्याणी

- आज मनुष्य तेजी से पेड़ों को काट रहा है जिस कारण पर्यावरण असंतुलन बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गौसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। हमें अपने हर खुशी के अवसर पर गौशालाओं में जाकर सेवा करनी चाहिए। यह बात स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष एवं फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके बिश्नोई समाज के युवा नेता अनिल ज्याणी ने अपने जन्मदिवस पर आज गांव धांगड़ गौशाला में कामधेनू गायों की सेवा करते हुए कही। अनिल ज्याणी ने जन्मदिवस पर सबसे पहले किरमारा धाम जाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाया और शिवभोले से आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे गांव धांगड़ गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गौसेवा करते हुए गायों से आशीर्वाद लिया और सवामणी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया। क्षेत्र की अनेक सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं ने भी अनिल ज्याणी को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी।

अनिल ज्याणी ने कहा कि आजकल लोग जन्मदिन मनाने के नाम पर लाखों रुपये का व्यर्थ खर्च कर देते हैं। हमें ऐसे व्यर्थ खर्चों से बचना चाहिए और जितना संभव हो सके, गौशालाओं में जाकर गौसेवा में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य तेजी से पेड़ों को काट रहा है जिस कारण पर्यावरण असंतुलन बढ़ गया है।

कभी तेज गर्मी, कभी बारिश, कभी बाढ़ ऐसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ने का यही एकमात्र कारण है। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। यदि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन व अन्य खुशी के अवसर पर पेड़ लगाए और उसकी देखभाल करे तो अब पर्यावरण को बचा सकते हैं। इस अवसर पर रितिक मांजू खजूरी जाटी, आत्माराम मांजू धांगड़, शुभम ढुकिया फतेहाबाद, सोनू पूनियां जांडली, उग्रसैन भादू फतेहाबाद सहित अनेक गौसेवक मौजूद रहे।



फतेहाबाद। धांगड़ गौशाला में जन्मदिन पर गौसेवा व पौधारोपण करते अनिल ज्याणी।

---

# जांडवाला बागड़ में जुआ खेलते दो गिरफ्तार

- पुलिस ने 24 हजार 40 रुपये की जुआ राशि बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस ने भट्टू क्षेत्र में दो युवकों को जुआ खेलते काबू कर इनके पास से हजारों की जुआ राशि बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एचसी ज्योति प्रसाद के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव जांडवाला बागड़ में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जांडवाला बागड़ में रामसरा रोड पर सेमनाला पुलिस के पास दो व्यक्ति जुआ खेल रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि वहां पेड़ की छाया में दो युवक ताश द्वारा जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने छापेमारी कर दोनों युवकों को काबू कर लिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम शमशेर सिंह निवासी ढाबी खुर्द व सतीश कुमार निवसी जांडवाला बागड़ बताया। पुलिस ने इनके पास से 24 हजार 40 रुपये की जुआ राशि बरामद कर दोनों के खिलाफ थाना भट्टूकलां में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

**पुलिस ने गांवों में किया फ्लैग मार्च, चुनाव में निर्भीक हो मतदान की करी अपील:हिसार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवानों ने अग्रोहा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

जवानों ने क्षेत्र के कुलेरी, नंगथला, कालीरावण, मल्लापुर व दुर्जनपुर गावों में फ्लैग मार्च निकालकर संबंधित ग्रामीणों से निर्भीक हो मतदान करने की अपील की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक व निष्पक्ष संपन्न करवाने के लिए प्रयासरत है।

**सूचना**

मैं, रामकुमार पुत्र बीर सिंह निवासी गांव समैण तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरी लड़की रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगी। आज के बाद मेरा उसके साथ कोई ताल्लुक वा वास्ता नहीं रहा है।

## खबर संक्षेप

### नरेश जैन श्री श्याम सेवा सदन के प्रधान चुने गए

**फतेहाबाद।** श्री श्याम सेवा सदन खाटू धाम की एक आम सभा की बैठक प्रमुख समाजसेवी देवी दयाल तायल की अध्यक्षता में श्री राम सेवा समिति धर्मशाला अनाज मंडी में आयोजित की गई। बैठक में सदन का त्रिवार्षिक चुनाव हेतु विचार विमर्श कर नरेश जैन को सर्वसम्मिति से प्रधान बनाया गया। इस बैठक में शिवकुमार सर्राफ को कोषाध्यक्ष, एडवोकेट रवि गुप्ता को महासचिव व डॉ. सुभाष शर्मा को संरक्षक बनाया गया।

### दुकान के गल्ले से 77 हजार की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भूना में एक दुकान में घुसकर वहां गल्ले में रखी हजा इस बारे पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 1 भूना निवासी महेन्द्र सोनी ने कहा है कि उसकी टोहाना रोड पर आटा चक्की है। रविवार दोपहर को दो युवक उसकी दुकान पर आए और उसकी दुकान के गल्ले में रखी 77 हजार रुपये की नकदी के अलावा 1 क्विंटल 10 किलो गेहूं को स्पलैण्डर बाईक पर चोरी करके ले गए है।

### श्रीकृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार ने लगाया शिविर

**फतेहाबाद।** श्रीकृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार फतेहाबाद की ओर से गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद महाराज के जन्मदिवस 15 मई को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस उपलक्ष्य में सोमवार को फतेहाबाद मंगलम ब्लड सेंटर, सद्भावना अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड सेंटर संचालक अर्चित आहूजा ने बताया कि इस कैम्प में 31 लोगों ने रक्तदान किया और 14 मई को सुबह 7 बजे हरियाणा गौशाला में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### कुलदीप आज धांगड़ में करेंगे जनसभा

**फतेहाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई 14 मई को गांव धांगड़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा सहित भाजपा संगठन से जुड़े कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने बताया कि कुलदीप बिश्नोई मंगलवार शाम 4 बजे गांव धांगड़ में डॉ. अशोक तंवर के लिए वोटों की अपील करने पहुंचेगे।

### पर्यावरण संरक्षण को चलाया अभियान

**फतेहाबाद।** नव कल्याण संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था सदस्यों द्वारा थाना रोड स्थित शहीद उधम सिंह पार्क अनेक पौधे रोपित किए गए वहीं पार्क में आने वाले लोगों को पेड़ पौधे बचाने तथा नए पौधों की रक्षा करने के लिए जागरूक किया गया। इसके बाद शहरवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली। संस्था के प्रधान बंटी कम्बोज, उपप्रधान दलबीर राणा, महासचिव आरसी मुखिया, प्रचार मंत्री सुदर्शन नरूला, सचिव जीत गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।


## सीबीएसई ने घोषित किया परिणाम, विद्यार्थियों के चेहरे खिले

# पॉयनियर स्कूल का बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

कुल 224 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, 62 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सीबीएसई के घोषित हुए बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में हमेशा की तरह पॉयनियर स्कूल का परिणाम शानदार रहा। कुल 224 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, 62 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक व कुल 196 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। साईंस संकाय में पायल रानी पुत्री कृष्ण कुमार 94.4 प्रतिशत व कॉमर्स संकाय में वंशिका पुत्री राकेश नारंग 94.2 प्रतिशत व आर्ट्स संकाय में सुमित छाबड़ा 91 प्रतिशत अंक लेकर अपने अपने संकाय में प्रथम रहे। बायलोजी में 98, गणित में 97, कैमिस्ट्री में 96, फिजिक्स में 95 , अंग्रेजी में 98, बिजनेस स्टडीज में 98, एकांऊटस में 96, इकोनोमिक्स में 96, म्यूजिक में 94, राजनीतिक विज्ञान में 95, जिओग्राफी में 91, हिंदी में 91, पंजाबी में 100 अंक लेकर विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस शानदार उपलब्धि पर मैनेजिंग डायरैक्टर विजय निमारे्ही, चेयरपर्सन शीलू निमारे्ही, प्रिंसिपल गीतिका महता, वाईस प्रिंसिपल मैत्री निमारे्ही व डायरैक्टर निशान्त निर्मोही ने सभी बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल के शानदार परिणाम पर खुशी व्यक्त करते विद्यार्थी व स्कूल प्रबंधक।

### शांति निकेतन में कोमल ने किया टॉप

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आज कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया है, जिसमें शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, ढ़िंगसरा के विद्यार्थियों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना दमखम दिखाया है। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में विद्यालय की मैनेजमेंट टीम ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर बच्चों के सम्मान में ढ़ोल नगाड़ों व डीजे के साथ रिजल्ट सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों को तिलक व फूल माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया और बेहतरीन परीक्षा परिणाम की खुशी में बच्चों से केक कटवाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### जांडली के कन्या विद्यालय रिजल्ट सराहनीय

### 490 अंक लेकर अवनी रही प्रथम





**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित किए गए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जांडली कलां की छात्राओं ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। गांव की छात्राओं ने इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए गांव का नाम रोशन किया। स्कूल की छात्रा अवनी पुत्री रमेश जांडली ने 500 में से 490 अंक हासिल करके प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश वर्मा ने बताया कि स्कूल की कुल 36 छात्राओं ने यह परीक्षा दी थी, जिसमें से 20 छात्राओं ने बोर्ड मैरिट हासिल की है जबकि 12 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए है। उन्होंने बताया कि स्कूल की होनहार छात्रा अवनी ने 490 अंक हासिल कर पूरे क्षेत्र में पहला स्थान हासिल किया है जबकि दीपिका पुत्री बलिंद्र सिंह श्योकंद ने दूसरा तथा अंकुश पुत्री सुखबीर सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा तमन्ना पुत्री सुरेन्द्र भैरों ने चौथा व साक्षी पुत्री प्रवीन ने पांचवां स्थान हासिल किया। इस शानदार परिणाम पर स्कूल प्रांगण में खुशी का माहौल रहा और स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग, सरपंच प्रतिनिधि विजय कमांडो, पूर्व सरपंच भले राम, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, सुनील जागलान, विक्रम जागलान, सुरेश पंच, स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान सुनीता जांडली, पूर्व प्रधान रमेश जांडली ने सभी को सराहा।

### श्रीराम सेवा समिति स्कूल में संध्या ने किया टॉप

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्री राम सेवा समिति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल का परिणाम शानदार रहा। बोर्ड की ओर से घोषित परिक्षा परिणाम में 11 बोर्ड मैरिट तथा 6 जिला मैरिट सहित शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा संध्या पुत्री मनोज कुमार ने 462 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। शिवानी पुत्री मनोज कुमार ने 456 अंक हासिल कर दूसरा स्थान व अम्रता पुत्री सुरज ने 443 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए संस्था प्रधान तथा सदस्यों ने स्कूल प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मैरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित



**चोपटा।** राजकीय कन्या वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय नाथूसरी कलां की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम पिछले सालों की भांति इस बार भी शत-प्रतिशत रहा। वद्यिालय की 70 छात्राओं में से 38 छात्राओं ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने कहा कि केवल शक्षिा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी हर प्रकार की परस्थितियों को बदल सकता है। समाज में बदलाव के लिए शक्षिति होना अति आवश्यक है। आज के परीक्षा परिणाम ने यह साबित कर दिया की मेहनत और लगन से किया गया हर कार्य सफल रहता है। वद्यिालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि स मान समारोह में कक्षा 10वीं में मैरिट प्राप्त करने वाली 38 छात्राओं को वद्यिालय प्रशासन और एसएमसी द्वारा सम्मानित किया गया बाकी सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई। सरपंच रीटा कासनियां ने शानदार रिजल्ट पर वद्यिालय के समस्त स्टाफ सदस्यों और बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर संदीप कुमार, प्रवक्ता राजेश लाखलान, सोहन सिंह, संदीप झोरड़, सतवीर सिंह, लीलाधर बैनीवाल, सुमन, अंकिता, गीता रानी, सरिता चौधरी, रितु, हेमप्रभा सहित वद्यिालय का स्टाफ, बच्चे, ग्रामीण और अभिभावक मौजूद रहे।



सिरसा। जैन स्कूल की परीक्षा में मैरिट हासिल करने वाली छात्राएं स्कूल प्रबंधन कमेटी के साथ।

### अपैक्स स्कूल का शानदार रहा परिणाम, भव्य ने 97.6 प्रतिशत व मंशिका ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर मारी बाजी



**फतेहाबाद।** सीबीएसई द्वारा घोषित किये बाहरवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में अपैक्स स्कूल के विद्यार्थियों ने हर साल की तरह उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए फिर से सफलता अर्जित की और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल के छात्र भव्य ने आट्र्स संकाय में 97.6 प्रतिशत अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भव्य ने जियोग्राफी और इकनॉमिक्स में 100, पॉलिटिकल साइंस में 99, अंग्रेजी में 96 अंक प्राप्त किए। आट्र्स संकाय में मंशिका ने 95.8 एवं तमन्ना ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। साहिल ने 94.2 प्रतिशतत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में मुस्कान ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि विज्ञान संकाय में योगेश ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विषय अनुसार अधिकतम अंक पॉलिटिकल साइंस में 100, जियोग्राफी में 100 , पेंटिंग में 100, बॉयोलॉजी में 99, इकनॉमिक्स में 99, गणित में 98, साइकोलॉजी में 98, म्यूजिक में 98, एकाउंट्स में 97, अंग्रेजी में 96, हिस्ट्री में 95, बिजनेस में 95, फिजिक्स में 95 एवं कैमिस्ट्री में 95 रहे। स्कूल के 33 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त कर अपने स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य सतीश चराईपौत्रा, चन्द्र चराईपौत्रा, अंशुल चराईपौत्रा, स्पर्श चराईपौत्रा, अमित मक्कड़, प्रधानाचार्या एकता सचदेवा, उप प्राचार्या डॉ. रिचा गाबा, एचओडी संदीप सिंह ने अध्यापकों व विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के कामना की।

### जैन स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**सिरसा।** हरियाणा वद्यिालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सिरसा स्थित सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय की छात्रा सिमरन ने 500 में से 486 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नेहा ने 500 में से 484 अंक प्राप्त कर द्वितीय, कृतिका ने 482 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर वद्यिालय का नाम रोशन किया। कुल 68 छात्राओं में से 41 छात्राओं ने बोर्ड मैरिट हासिल की, जिसमें से 17 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उच्च स्थान हासिल किया। सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुई। उच्च स्थान हासिल करने वाली छात्राओं ने वद्यिालय प्रबंधक कमेटी, प्रधानाचार्या और अध्यापकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर धन्यवाद किया। प्रधानाचार्या रेणू बाला और सीनियर कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि विषय अनुसार भी छात्राओं का प्रदर्शन काबिलेतारीफ है। वद्यिालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मक्खनलाल गोयल व प्रबंधक हनुमानमल गुजरानी ने कहा कि वद्यिालय का 100 प्रतिशत शानदार रिजल्ट अध्यापकों की अथक मेहनत का फल है। उन्होंने छात्राओं व उनके अभिभावकों को शानदार उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की।

# भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

श्री बाला जी हनुमान सेवा मंडल द्वारा श्री राम सेवा समिति धर्मशाला चिल्ली वाली में 17वां विशाल बाला जी का महासंकीर्तन का आयोजन किया गया। मंडल के महासचिव प्रदीप बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी अनिल ज्याणी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान विनोद गर्ग नानू ने की। यह संकीर्तन प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल के सानिध्य में हुआ। प्रमुख समाजसेवी सुभाष गर्ग, डॉ. विरेन्द्र सिवाच, सुरेन्द्र मित्तल, दलीप गोयल, जगदीश भादू, डॉ. सुभाष शर्मा, राजेश गर्ग, शिव कुमार सर्राफ, एडवोकेट भारत भूषण गर्ग, विनोद गर्ग, भीम सैन असीजा, एडवोकेट रविन्द्र तायल, अशोक गर्ग, श्याम सुन्दर बंसल व नीतिन मोदी बतौर वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मंच संचालन पत्रकार सुशील बंसल ने किया। कार्यक्रम में खलीलाबाद के प्रसिद्ध भजन गायक हरमिन्द्र सिंह रोमी, डॉ. अनिल रजनीश शर्मा व मुकेश राही ने अपने भजनों द्वारा उपस्थितजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में मंडल द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक ज्ञान चंद मित्तल, उपप्रधान बजरंग शर्मा, कोषाध्यक्ष शंकर बंसल, सहसचिव कमल वर्मा, प्रैस प्रवक्ता महादेव बंसल, महाप्रबंधक पवन हंसवाल, पूर्णचंद सिंगला, सुरेन्द्र मित्तल, संजय बंसल, मनोज अग्रवाल, सुनील शर्मा, सचिन गोयल, राजेन्द्र मोदी, दयानंद गर्ग, अशोक जोगी, अनिल गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। महासंकीर्तन में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते सेवा मंडल के सदस्य।

# जाखल और भूना में फ्लैग मार्च निकाला

- फ्लैग मार्च की अगुवाई थानाध्यक्ष एवं इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल/भूना

लोकसभा चुनाव को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मचारियों और सेना के जवानों द्वारा भूना और जाखल में फ्लैग मार्च निकाला गया। भूना के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निकाले गए फ्लैग मार्च की अगुवाई थानाध्यक्ष एवं इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने की।

उन्होंने बताया कि शहर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने हेतु नाकों पर अर्धसैनिक बल के साथ मिलकर जॉइंट नाके लगाए गए हैं। नाकों पर हर व्यक्ति और वाहन पर कड़ी निगरानी हो रही है, ताकि शराब व अन्य तस्करी न हो। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस राइडर और पीसीआर मौजूद रही। एसएचओ ने बताया कि चुनाव के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही और चुनाव प्रचार के दौरान शराब और नकदी पर पुलिस की कड़ी निगरानी है। जाखल में भी सोमवार को सीआरपीएफ के जवानों द्वारा कुलां चौकी प्रभारी भान सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों द्वारा लोगों को भयमुक्त होकर वोटिंग करने का संदेश दिया गया। ये पैदल फ्लैग मार्च कुलां पुलिस चौकी प्रभारी के नेतृत्व में कुलां क्षेत्र के गांव कुलां सहित नन्हेड़ी, जापतेवाला, धारसूल कलां, धारसूल खुर्द, मंघेड़ा, दीवाना, रसूलपुर आदि क्षेत्र में निकाला गया। फ्लैग मार्च के जरिए सभी गांवों और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों द्वारा कड़ा संदेश भी दिया कि यदि किसी अराजक तत्वों द्वारा चुनाव प्रभावित करने का जरा भी प्रयास किया गया तो उसकी खैर नहीं होगी। कुलां पुलिस चौकी प्रभारी भान सिंह ने बताया कि चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा पूरी तैयारी की गई है। पुलिस जवानों द्वारा पैदल फ्लैग मार्च करते वक्त उन्होंने आम जनमानस से लोकसभा चुनावों में निडर होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। पुलिस प्रशासन आमजन की सेवा के लिए सदैव तत्पर है।



जाखल। फ्लैग मार्च निकालते सीआरपीएफ व पुलिस के जवान।

## गोसेवा और समाजसेवा से बढ़कर कोई भी पुण्य कार्य नहीं : तायल



**फतेहाबाद।** शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं सामाजिक कायार्ें के लिए दिल खोलकर दान करने वाले देवीदयाल तायल द्वारा ब्राह्मण सभा फतेहाबाद को 5 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की गई है। देवीदयाल तायल द्वारा ब्राह्मण सभा को दिए गए सहयोग के लिए ब्राह्मण सभा के प्रधान रामनिवास शर्मा ने पूरे समाज की तरफ से उनका आभार जताया है। देवीदयाल तायल पिछले दिनों ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे जहां उन्होंने सभा को यह सहयोग राशि देने की घोषणा की। ब्राह्मण सभा प्रधान रामनिवास शर्मा ने कहा कि समाजसेवी देवीदयाल तायल ब्राह्मण सभा के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं। सामाजिक कायार्ें के अलावा वे गरीब व जरूरतमंदों की सहायता के लिए भी हर समय तैयार रहते हैं। उनके पास सहयोग की उम्मीद लेकर जाने वाला व्यक्ति कभी खाली हाथ नहीं लौटा।

## ड्यूटी के दौरान लापरवाही सहन नहीं की जाएगी

# चुनावों को लेकर कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी व सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मचारियों के लिए पुलिस लाइन फतेहाबाद में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित कार्यशाला में पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। चुनाव नोडल अधिकारी एवं डीएसपी जयपाल सिंह ने पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान पुलिस की अहम भागीदारी रहती है। निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण चुनाव करवाना पुलिस का अहम कर्तव्य है। पुलिस कर्मचारी आदर्श आचार संहिता की पालना करते हुए चुनाव के शुरू होने से लेकर अंत तक ईमानदारी व सही ढंग से ड्यूटी करनी चाहिए। चुनाव के समय किसी भी अनहोनी या चुनाव में बाधा डालने वाली किसी प्रकार की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को तुरंत दें। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार के मादक पदाथार्ें का सेवन ना करें। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल को संबोधित करते हुए हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन से निरीक्षक मीना रानी, सुरेश कुमार तथा उनकी टीम ने बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना है। कार्यशाला के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि मतदान केन्द्रों के आसपास भीड़ एकत्रित ना होने दें। मतदान केन्द्र के अन्दर कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन व अन्य प्रतिबंधित वस्तु ना लेकर जाने पाये। चुनाव प्रक्रिया में विघ्न डालने वालों/आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करें। ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल पीठासीन अधिकारी का पूरा सहयोग करें। सेक्टर, जोनल व अन्य उच्च अधिकारी गणों के नंबर अपने पास रखें। कार्यशाला के समापन पर डीएसपी भूना जगदीश चन्द्र ने हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन से आये निरीक्षकों व उनकी टीम का धन्यवाद किया और कहा कि चुनाव का दिन पुलिस के लिए पर्व की तरह है और पुलिस का दायित्व बनता है कि मतदान शत प्रतिशत करवाना है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर लगी समस्त पुलिस फोर्स मतदाताओं से मधुर व्यवहार करें। किसी भी प्रकार की अभद्रता ना होने पाये। चुनाव के दौरान पूरी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें ताकि निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। इस अवसर पर पुलिस लाइन प्रबंधक निरीक्षक राम सिंह व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। कार्यशाला में भाग लेते चुनाव ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मचारी।